# कार्यालयः—प्रक्षेत्र प्रबन्धक, राजकीय पशुधन एंव कृषि प्रक्षेत्र, बाबूगढ़ हापुड़।

पत्रांकः— **236** /भवन निस्तारण पत्रा0/2025—26 दिनांकः— **26.05.2025**

## निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद—हापुड़ (उ0प्र0) में लखनऊ—मुरादाबाद—दिल्ली राजमार्ग पर बाबूगढ़ छावनी कोतवाली से लगभग 05 किमी0 की दूरी पर स्थित कार्यालयः—प्रक्षेत्र प्रबन्धक, राजकीय पशुधन एंव कृषि प्रक्षेत्र, बाबूगढ़ हापुड़ के परिसर पर निष्प्रयोज्य घोषित भवनों के ध्वस्तीकरण के पश्चात कार्यस्थल पर से समस्त सामान/मलवा हटाकर समतल एंव साफ किये जाने हेतु निविदा आमन्त्रित की जा रही है। जिसमें इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 28.06.2025 को अपरान्ह 01:30 बजे से राजकीय पशुधन एंव कृषि प्रक्षेत्र, बाबूगढ़ हापुड़ के कार्यालय में निविदा की कार्यवाही सम्पन्न करायी जायेगी। निविदा सम्बन्धी महत्वपूर्ण तिथियों का विवरण निम्नवत है:—

| क्र0 सं0 | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | **निविदा प्रपत्र क्रय करने प्रारम्भ एंव अन्तिम तिथि/समय** | दिनांक—04 जून, 2025 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक—28 जून 2025 अपरान्ह 12:00 बजे तक |
| 2 | **निविदा आवेदन की प्रारम्भ एंव अन्तिम तिथि/समय** | दिनांक—04 जून, 2025 प्रातः 10:30 बजे से दिनांक—28 जून 2025 अपरान्ह 12:30 बजे तक |
| 3 | **निविदा खुलने की तिथि एंव समय** | दिनांक—28 जून 2025 अपरान्ह 01:30 बजे से |
| 4 | **निष्प्रयोज्य घोषित भवनों के निरीक्षण का समय** | दिनांक—04 जून, 2025 प्रातः 10:00 बजे से दिनांक—27 जून 2025 सायं 04:00 बजे तक (अवकाश के दिन छोड़कर) |

### ध्वस्तीकरण हेतु भवन की लाट का विवरण

| लाट संख्या | ध्वस्तीकरण हेतु भवन का विवरण | नग |
|---|---|---|
| 01 | REMOUDLING OF AFM QUATERS | 1 |
| | SINGLE BARRICK CONVERTED FAMILY QUARTERS NEAR FM HOUSE | 3 |
| | SINGLE BARRICK CONVERTED FAMILY QUARTERS NEAR T.W. NO.3 | 5 |
| | CONVERTED ADMINSTRATION QUARTERS IN NEAR OFFCE STORE | 1 |
| | REMOUDLING FAMILY QUATERS | 1 |
| | REMOUDLING FAMILY QUATERS | 1 |
| | REMOUDLING FAMILY QUARTERS IN CLUB | 1 |
| | A QUARTERS NEAR OFFICE STORE | 1 |
| | A QUARTERS NEAR OFFICE STORE | 1 |
| | A QUARTER WITH ONE ROOM NEAR T.W. NO. 2 | 5 |
| | MEASURING WATER TANK TWEEL NO. 1, 3, 4 | 3 |
| | OFFICE BUILIDING | 2 |

### निविदा सम्बन्धित महत्वपूर्ण विवरण

| क्र0सं0 | विवरण | धनराशि रूपया |
|---|---|---|
| 1 | लाट संख्या—1 25 नग आवासीय/अनावासीय भवन | न्यूनतम अनुमानित लागत रू0 5.00 लाख |
| 2 | निविदा प्रपत्र मूल्य +18 प्रतिशत जी.एस.टी. | रू0 1000+180= रू0 1180/— |
| | धरोहर धनराशि | रू0 50000/— |

प्रक्षेत्र प्रबन्धक
राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र
बाबूगढ़ (हापुड़)

## निविदा की नियम एंव शर्तेः–

**1. भवन की नीलामी जहां है, जैसा है के आधार पर की जायेगी।**

1. प्रक्षेत्र प्रबन्धक, राजकीय पशुधन एंव कृषि प्रक्षेत्र, बाबूगढ़ हापुड़ के परिसर में पुराने निष्प्रयोज्य घोषित भवन आदि का निरीक्षण नीलामी के प्रारम्भ एंव अन्तिम तिथि के एक दिवस पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10:00 बजे से साय 04:00 बजे तक कार्यालय से सम्पर्क कर किया जा सकता है।

2. निविदादाता को निर्धारित धरोहर धनराशि रूपया **50,000/– (रू0 पचास हजार मात्र) बैंक डिमान्ड ड्राफ्ट/एफ0डी0आर0 के रूप में प्रक्षेत्र प्रबन्धक, राजकीय पशुधन एंव कृषि प्रक्षेत्र, बाबूगढ़ हापुड़ के नाम प्राधि कराकर या नगद रूप में कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगी।** चेक धनराशि स्वीकार नही की जायेगी। बिना धरोहर धनराशि के निविदा पर विचार नही किया जायेगा।

2. निविदादाता को निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य (18% जी.एस.टी. सहित ) रूपया 1000+180 = 1180/– (रू0 एक हजार एक सौ अस्सी मात्र) **बैंक डिमान्ड ड्राफ्ट के रूप में प्रक्षेत्र प्रबन्धक, राजकीय पशुधन एंव कृषि प्रक्षेत्र, बाबूगढ़ हापुड़ के नाम प्राधि कराकर या नगद रूप में कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगी।** चेक धनराशि स्वीकार नही की जायेगी। बिना निविदा प्रपत्र मूल्य के निविदा प्रपत्र देय नहीं होगा जिसके कारण निविदा में प्रतिभाग किया जाना सम्भव नहीं होगा। यह धनराशि नॉन रिफेन्डेबिल है।

3. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक फर्म द्वारा जमा की जाने वाली निविदा प्रपत्र शुल्क एंव धरोहर धनराशि निर्धारित आवेदन तिथि के प्रारम्भ एंव अन्तिम तिथि/समय के अन्दर कार्यालय में जमा करके प्राप्त करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समाप्त होने के पश्चात किसी भी व्यक्ति/निविदादाता/फर्म को निविदा प्रपत्र विक्रय नहीं किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट के पीछे नीलामी में भाग लेने वाली फर्म को अपना नाम व पता अंकित करना होगा इसकी रसीद कैशियर से प्राप्त कर अभिलेखों के साथ जमा करना होगा।

4. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र अथवा खुली बोली में प्रदय/बोली जाने वाली नीलामी धनराशि जी0एस0टी0 रहित होगी। सफल उच्चतम ऑफर देने वाले निविदादाता को नियमानुयार जी0एस0टी0 अलग से देना होगा।

5. निविदा प्रकिया में सर्वप्रथम खुली बोली करायी जायेगी तदोपरान्त टेण्डर बॉक्स में पड़ी निविदाए खोली जायेगी।
6. निविदा प्रक्रिया की खुली बोली एंव टेण्डर की किसी एक प्रक्रिया में प्राप्त सर्वोच्च/उच्चतम ऑफर धनराशि ही मान्य होगी।
7. उच्चतम ऑफरदाता को कुल ऑफर का 50 प्रतिशत धनराशि उसी दिन कार्यालय में बैंक डी0डी0 /नगद जमा करना होगा तदोपरान्त सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त होने के बाद शेष 50 प्रतिशत धनराशि और कुल ऑफर धनराशि का 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय में बैंक डी0डी0/नगद जमा करना होगा। कुल धनराशि जमा किये जाने के पश्चात ही भवन की ध्वस्त करने की अनुमति प्रदान की जायेगी। अन्यथा की दशा में धरोहर धनराशि एंव जमा धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा बोलीदाता को कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
8. अधिकतम बोलीदाता द्वारा यदि निर्धारित धनराशि नहीं जमा किया जाता है, तो उसके द्वारा जमा धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी और द्वितीय अधिकतम बोलीदाता के पक्ष में नियमानुसार प्रकरण निस्तारित किये जाने पर विचार किया जायेगा।

प्रक्षेत्र प्रबन्धक
राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र
बाबूगढ़ (हापुड़)

9. धरोहर धनराशि को नीलामी की उपयोगकर्तानुसार कार्यस्थल को पूर्ण रूप से साफ–समतल करने के उपरान्त वापस की जायेगी। यदि बोलीदाता द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो उनकी जमानत धनराशि/धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा उनकें विरूद्व कार्यवाही भी की जा सकती है।
10. नीलामी की स्वीकृति का पूर्ण अधिकार उपनिदेशक (प्रक्षेत्र), पशुपालन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ का होगा।
11. क्रय–विक्रय परिषद द्वारा किसी या समस्त नीलामी को बिना कराण बताये निरस्त किये जाने का पूर्ण अधिकार होगा।
12. उच्चतम बोलीदाता को नीलामी स्वीकृति के उपरान्त नीलामी में सम्मिलित भवनों को ध्वस्त करने से पहले इस बिन्दु का विशेष ध्यान रखना होगा कि समीप की अन्य संरचनाओं, बिजली तार, वृक्ष सिंचाई नाली इत्यादि को किसी प्रकार की क्षति न पहुचें तथा मलवा निस्तारित करने की प्रक्रिया से आस–पास के कोई भी क्रिया–कलाप में बाधित न हो।
13. राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र, बाबूगढ़ हापुड़ परिसर में पुराने निष्प्रयोज्य घोषित भवनों पर पेन्ट से लाट संख्या का विवरण लिखा रहेगा, उसके अतिरिक्त उच्चतम नीलामीदाता (जिसके पक्ष में ध्वस्तीकरण हेतु स्वीकृति जारी कर दी गयी हो) द्वारा कोई अन्य भवन/सम्पत्ति क्षतिग्रस्त नही किया जायेगा।
14. नीलामी में भाग लेने वाली फर्म को निम्नलिखित अभिलेख दिनांक 28.06.2025 को पूर्वान्ह 12:00 बजे तक लिफाफे में सील कर नाम एंव पता सहित लिफाफे के ऊपर तकनीकी निविदा अंकित कर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
    - प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट/राजपत्रित अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र।
    - जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण–पत्र की प्रमाणित छायाप्रति।
    - पैनकार्ड की प्रमाणित छायाप्रति।
    - आधार कार्ड/निवास प्रमाण–पत्र/ड्राईविंग लाईसेन्स की प्रमाणित छायाप्रति।
    - धरोहर धनराशि की रसीद/डी0डी0/एफ0डी0आर0 मूलरूप में।
    - शपथ पत्र रू0 100 पर घोषणा पत्र पर दिया जायेगा (**संलग्नक प्रारूप–अ**)।

    **नोटः– उपरोक्त अभिलेखों का परीक्षण में अर्ह पाये जाने वाले निविदादाताओं को ही वित्तीय बिड की खुली बोली एंव टेण्डर प्रकिया में सम्मिलित किया जायेगा।**
15. वित्तीय बिड हेतु निविदा प्रपत्र की समस्त प्रविष्टिया पूर्ण अंकित कर अलग लिफाफे में सील कर नाम एंव पता सहित लिफाफे के ऊपर वित्तीय बिड अंकित कर टेण्डर बॉक्स में दिनांक 28.06.2025 अपरान्ह 12:00 बजे तक डाला जाना अनिवार्य होगा।
16. निविदा में प्रतिभाग के लिए इच्छुक निविदादाता निविदा की प्रारम्भ एंव अंतिम तिथि के एक दिवस पूर्व तक किसी भी कार्यदिवस एंव समयावधि में कार्यालय कार्यालय से ज्ञात की सकती है। जिसमें नीलामीदाता की समस्त जिज्ञासाओं का निराकरण किया जायेगा।
17. निविदा स्वीकृत होने के निर्धारित 20 दिनों के अन्दर कार्य पूर्ण करना होगा। मलवा हटाने व सफाई एंव समतलीकरण का कार्य केवल दिन में किया जायेगा।
18. भवन ध्वस्तीकरण हेतु किसी विस्फोटक का उपयोग नहीं किया जायेगा।
19. भवन ध्वस्तीकरण एंव मलवें के निस्तारण में स्थानीय समस्त नियम एवं व्यवस्थाओं का पालन करना होगा। इसके दौरान यदि किसी राजकीय सम्पत्ति अथवा किसी की व्यक्तिगत सम्पत्ति की क्षति होती है, तो उसका निर्माण/क्षतिपूर्ति नीलामीदाता को स्वंय करना होगा।

प्रक्षेत्र प्रबन्धक
राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र
बाबूगढ़ (हापुड़)

20. नीलामी मूल्य पर नियमानुसार लागू टैक्स देय होगा। स्वीकृति के उपरान्त समस्त सामग्री को जहां है, जैसा है के आधार पर सम्पूर्ण धन (टैक्स सहित) जमा करने के बाद निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यस्थल से हटाना होगा। निर्धारित समय में कार्य पूर्ण न हो पाने की दशा में नीलामी मूल्य का 05 प्रतिशत प्रतिदिन की दर से अधिभार लगाया जायेगा, किन्तु निर्धारित समय के उपरान्त अतिरिक्त समय वृद्धि अधिकतम 10 दिन की होगी तत्पश्चात अवशेष सामग्री जब्त कर ली जायेगी।
21. यदि भवन ध्वस्तीकरण के दौरान खजाना अथवा बहुमूल्य सामग्री निकलती है तो जिलाधिकारी हापुड़ को तत्काल इसकी सूचना देना होगा एंव उनकें निर्देशानुसार उसे जमा करना होगा।
22. निविदादाता द्वारा भवनों ध्वस्तीकरण एंव मलवे के निस्तारण, साफ–सफाई एंव समतलीकरण कार्य आदि का प्रबन्ध स्वंय करना होगा।
23. प्रक्षेत्र प्रबन्धक, राजकीय पशुधन एंव कृषि प्रक्षेत्र, बाबूगढ़ हापुड़ परिसर में निष्प्रयोज्य भवनों को लॉट संख्या के अनुसार चरणबद्ध रूप से ध्वस्तीकरण कर मलवा हटाने एंव साफ–सफाई तथा समतलीकरण का कार्य स्वीकृत उच्चतम बालीदाता द्वारा किया जायेगा।
24. कोई भी सरकारी कर्मचारी अथवा सरकारी कर्मचारी से रक्त सम्बन्ध रखने वाले फर्म इस निविदा में भाग नहीं ले सकती।
25. उच्चतम बोलीदाता द्वारा उच्चतम बोली का 1 प्रतिशत लेबर सेस अतिरिक्त देय होगा अथवा उक्त का वैद्य प्रमाण कार्यालय में जमा करना होगा।
26. सशर्त टेण्डर मान्य नही होगा।
27. प्रक्षेत्र परिसर में कोई भी निविदादाता एंव उसके सहयोगी किसी भी प्रकार का अस्त्र–शस्त्र/ज्वलनशील पर्दाथ के साथ प्रतिभाग करना प्रतिबन्धित है।
28. किसी भी वाद–विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र जनपद–हापुड़ होगा।
29. अन्य किसी भी जानकारी के लिए कार्यालय पर किसी भी कार्य दिवस अवधि में तथा fmbabugarhhapur245201@gmail.com पर ज्ञात की जा सकती है।

हस्ताक्षर निविदादाता ............................................................

.निविदादाता का नाम..............................................................

पता.........................................................................................

मोबाईल नंबर ........................................................................

निविदादाता फर्म का नाम व मोहर.........................................

प्रक्षेत्र प्रबन्धक
राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र
बाबूगढ़ (हापुड़)

**प्रारूप–अ**

## निविदा सहमति घोषण पत्र

(शपथ पत्र रू0 100 पर दिया जाना है)

सेवा में,

**प्रक्षेत्र प्रबन्धक,**
राजकीय पशुधन एंव कृषि प्रक्षेत्र,
बाबूगढ़ हापुड़।

**विषयः– निविदा के नियमों एंव शर्तो की सहमति के सम्बन्ध में।**

**निविदा संख्या ......................................दिनांक ............................**

**कार्य का नामः–...........................................................................**

महोदय,

1. मैंने/हमनें उपर्युक्त कार्य के लिए निविदा के समस्त नियम एंव शर्ते निर्धारित मूल्य एंव अभिलेख कर प्राप्त कर लिया है।
2. मैंने/हमने उक्त जेम निविदा की नियम एंव शर्तो को भली भॉति पढ़ एंव समझ लिया है।
3. मैं/हम एतदद्वारा प्रमाणित करता हूॅ/करते हैं कि मैने/हमनें जेम निविदा के नियम एंव शर्तो के पृष्ठ संख्या 01 से 04 तक के क्रमांक 01 से 29 तक की सम्पूर्ण नियम एंव शर्तो को पढ़ लिया है और मैं/हम इसमें निहित नियम एंव शर्तो का शत–प्रतिशत पालन करेंगें।
4. उक्त निविदा के सम्बन्ध में आपके विभाग द्वारा समय–समय पर जारी शुद्धी पत्र को भी ध्यान में रखा जायेगा।
5. मैं/हम प्रमाणित करते है कि हमारी फर्म द्वारा उक्त निविदा में दी गयी सूचना/अभिलेख पूर्णतः सत्य एंव सही है। उपरोक्त के विपरीत यदि कोई तथ्य प्रकाश में आता है तो मेरी/हमारी निविदा निरस्त कर दी जाये। जिसमें पूरी तरह से अर्नेस्ट/जमानत धनराशि को जब्त करना सामिल है।
6. निविदा की समस्त नियम एवं शर्ते मुझे पूर्णतयाः मान्य है तथा उक्त पर मुझे/हमें कोई आपत्ति नहीं है और न ही कोई भी दावा एंव आपत्ति विभाग के समक्ष अभी/भविष्य में प्रस्तुत करूॅगा/करूॅगी।
7. यदि हमारी निविदा स्वीकार की जाती है तो निर्धारित अवधि में ध्वस्तीकरण उपरान्त मलवा उठाकर सफाई एंव समतलीकरण का कार्य पूर्ण करने के लिए सहमत हूॅ। अन्यथा की स्थिति में मेरे/हमारे विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाये।

हस्ताक्षर निविदादाता ...................................................................
निविदादाता का नाम...................................................................
पता.........................................................................................................
मोबाईल नंबर ..................................................................................
निविदादाता फर्म का नाम व मोहर..........................................................
...................................................................................................

प्रक्षेत्र प्रबन्धक
राजकीय पशुधन एवं कृषि प्रक्षेत्र
बाबूगढ़ (हापुड़)